भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 1007**

उत्तर देने की तारीख 10 फरवरी, 2025
21 माघ, 1946 (शक)

## खेलो इंडिया शीतकालीन खेल

**†1007. श्री योगेन्द्र चांदोलिया :**
**श्री शंकर लालवानी:**
**श्री दिलीप शइकीया:**
**श्री बिद्युत बरन महतो :**
**श्री अनन्त नायक:**
**श्रीमती कमलेश जांगड़े:**
**श्री महेश कश्यपः**

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सरकार द्वारा देश के दूरदराज और आदिवासी क्षेत्रों, विशेषकर छत्तीसगढ़ और ओडिशा तथा छत्तीसढ़ के बस्तर जिलें में खेलो इंडिया शीतकालीन खेलों में स्थानीय युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए उठाए जा रहे कदमों का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार की उक्त खेलों को अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए एथलीटों को तैयार करने के लिए एक मंच के रूप में उपयोग करने की कोई योजना है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री**
**(डॉ. मनसुख मांडविया)**

(क) इस मंत्रालय की एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में अब तक खेलो इंडिया शीतकालीन खेलों के 4 संस्करण आयोजित किए जा चुके हैं, जिनमें 36 राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों के एथलीटों ने भाग लिया है। इसके अलावा, खेलो इंडिया गेम्स का प्रारूप किसी को भी भागीदारी से प्रतिबंधित नहीं करता है और इसमें छत्तीसगढ़ और ओडिशा राज्य सहित देशभर के प्रतिभागी भाग ले सकते हैं।

(ख) और (ग) : जी हां। इन खेलों का उद्देश्य एक ऐसा मंच प्रदान करना है जहां आवास, परिवहन, किट, खेल उपकरण, स्थल आदि अंतर्राष्ट्रीय स्तर के हों।

****